• बड़ा बयान...

## कंगना–विक्रमादित्य में वाक युद्ध ठीक नहीं

**ऊना :** बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मंडी संसदीय क्षेत्र से बीजेपी की प्रत्याशी कंगना रनौत और कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच चल रही आरोप प्रत्यारोप की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो इस तरह का आरोप-प्रत्यारोप का दौर कुछ समय के लिए चलता ही है। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल के नेता को स्थानीय स्तर की विकासात्मक योजनाओं को लेकर ही आरोप प्रत्यारोप करने चाहिए। व्यक्तिगत रूप से किसी पर भी कोई टिप्पणी या छींटाकशी में शामिल नहीं होना चाहिए। कांग्रेस द्वारा कंगना के खिलाफ की गई टिप्पणियों का ही यह नतीजा है



कि आज दोनों नेताओं के बीच इस तरह की आरोप और प्रत्यारोप की लड़ाई चल रही है।

वहीं, शुक्रवार को बीजेपी के ऊना जिला मुख्यालय कार्यालय दीप कमल में सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ पालकों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बीजेपी के प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित हुए। वहीं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने भी बैठक में शिरकत की।

इस मौके पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर अनेकों गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। पार्टी द्वारा प्रत्येक मोर्चे और प्रकोष्ठ के सम्मेलन आयोजित करने के अतिरिक्त संगठन के ओहदेदारों की भी बैठकें आयोजित करके फीडबैकहासिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बीजेपी के बूथ पालकों की बैठक आयोजित हुई है जिसमें बूथ स्तर से विभिन्न कार्यक्रमों का फीडबैक हासिल करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए उपयोगी टिप्स भी प्रदान किए गए हैं।

• आरोप...

## सीएम बहुत तनाव में हैं इसलिए कर रहे हैं बयानबाजी : जयराम

**हमीरपुर :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश के जो राजनीतिक हालात है, कांग्रेस की जो स्थिति है, उसके कारण सीएम बहुत तनाव में हैं। उसी वजह से वह विचलित भी हैं। तभी उल्टी सीधी बयानबाजी कर रहे हैं। एक सीएम द्वारा किसी विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी के प्रति हिंसा के लिए उकसाना, उन्हें खुली धमकी देना यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। चुनाव आयोग द्वारा उनके इस निंदनीय बयान का संज्ञान लिया गया।सीएम को इस तरह के अमर्यादित आचरण का नोटिस आना भी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह नाकाम है और जनविरोधी कामों को ही कर रही है। चुनाव में प्रदेश के लोग कांग्रेस को सबक़ सिखा देंगे। यह बातें उन्होंने हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत में कही।



जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सनातन विरोधी रही है। हिमाचल के सीएम तो खुलेआम कई-कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने हिमाचल में 97 प्रतिशत हिंदुत्व को हराया है। सीएम यह भूल गये हैं कि हिमाचल के लोगों ने कांग्रेस को वोट उनकी दस झूठी गारंटियों के नाम पर दिया था। जिसमें कांग्रेस के छोटे-बड़े नेताओं द्वारा पहली कैबिनेट में ही एक लाख युवाओं को नौकरी देने की कसमें खाई गई थी। हर विधान सभा क्षेत्र में एक हज़ार युवाओं को स्टार्टअप फण्ड देने के लिए कहा गया था। गाय का दूध 80 और भैंस का दूध 100 रुपए लीटर खरीदने के लिए कहा गया था। बागवानों द्वारा सेब के मूल्य खुद तय करने के लिए कहा गया था। लेकिन उन गारंटियों की अब कोई बात ही नहीं करता है। यह कांग्रेस का आखिरी झूठ साबित होगा। हाल में हुए तीन विधान सभा चुनावों में कांग्रेस की पूरी तरह से विदाई हो गई।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सीएम हमारे आंकड़े पूछ रहे है, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि वह 43 से 34 पर कैसे आ गये। आखिर ऐसा क्या हुआ है कि उनकी पार्टी के लोकप्रिय नेताओं को पार्टी छोड़नी पड़ी। प्रदेश के जो भी हालत हैं उसके लिए सिर्फ़ और सिर्फ सीएम दोषी हैं। इसलिए उन्हें खुद में झांकने की आवश्यकता है। उनकी पार्टी की अध्यक्ष कह रही है कि अगर मेरी बात सुनी गई होती और कांग्रेस के उन विधायकों को सिर्फ मान-सम्मान दिया गया होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। इसलिए सीएम को किसी और को दोष देना बंद करना चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह द्वारा बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत पर दिये बयान के सवाल में जवाब में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्हें मुद्दों पाए बात करनी चाहिए। अगर वह बीजेपी के कैंडिडेट के खिलाफ मुद्दों पर बात करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। उन्हें यह बताना चाहिए कि पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए उन्होंने हिमाचल के विकास के लिए क्या किया। मंडी संसदीय क्षेत्र आपदा में सर्वाधिक प्रभावित रहा उसके लिए उन्होंने क्या काम किया। व्यक्तिगत टिप्पणी से किसी का भी भला नहीं होने वाला। क्योंकि इसका कोई अंत नहीं है। बात निकलेगी कोई भी नहीं बचेगा।



## शांतिपूर्ण चुनावों को हिमाचल-पंजाब पुलिस तैयार

डीजीपी कुंडू ने कहा कि चुनावों में सांप्रदायिक सदभाव को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रभावी कदम उठाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि कोई सांप्रदायिक तनाव व हिंसा फैलाने वाली अफवाहे न फैला सकें।

हिमाचल प्रदेश में अगले दो माह पर्यटन की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है तथा मई और जून में बड़ी संख्या में लोग हिमाचल में घूमने के लिए आते है...

● **सुनैना जसवाल/ऊना**

लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश व पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अफसरों की अंतरराज्यीय बैठक बुधवार को ऊना के पुलिस लाइन झलेड़ा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश संजय कुंडू ने की। बैठक में डीआईजी नोर्थ जोन अभिषेक दुल्हर, एसएसपी रोपड़ गुलनीत सिंह खुराना, एसपी होशियारपुर नवनीत कौर, एसपी ऊना राकेश सिंह, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्रिहोत्री, एसपी नूरपुर अशोक रतन, कमांडेंट आईआरबी वनगढ़ डॉ. आकृति शर्मा, एएसपी ऊना संजीत भाटिया, एएसपी सुरेंद्र शर्मा, डीएसपी नयनादेवी विक्रांत, डीएसपी ऊना अजय ठाकुर व डीएसपी अंब वसूधा सुद उपस्थित रहे।

डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। हिमाचल की 352 किलोमीटर सीमा पंजाब के साथ लगती है। इसमें चंबा, कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर व बद्दी के साथ बार्डर शेयर होते है। चुनावों के दृष्टिगत यहां पर दोनों राज्यों की पुलिस में उच्चतम स्तर का समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

**सोशल मीडिया पर हिंसा फैलाने वालों पर निगरानी**

डीजीपी कुंडू ने कहा कि चुनावों में सांप्रदायिक सदभाव को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रभावी कदम उठाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि कोई सांप्रदायिक तनाव व हिंसा फैलाने वाली अफवाहे न फैला सकें। हिमाचल प्रदेश में अगले दो माह पर्यटन की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है तथा मई और जून में बड़ी संख्या में लोग हिमाचल में घूमने के लिए आते है। पर्यटकों से भी आग्रह रहेगा कि वह हिमाचल प्रदेश में घूमने आने के दौरान अपने साथ शराब व अधिक मात्रा में कैश लेकर न आए।

प्रदेश की सीमाओं पर कुल 157 पुलिस नाके स्थापित है, इसमें 66 नाके पंजाब राज्य की सीमाओं पर है। जो कि कई मायने में संवेदनशील है। चीन बार्डर के साथ भी हिमाचल की 240 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा है।

बार्डर एरिया में शराब व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए कड़े पग उठाए जाएंगें। हिमाचल से पंजाब में अफीम व चूरा पोस्त की तस्करी होती है, तो पंजाब से हिमाचल में हेरोइन लाई जाती है। इसे रोकने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस आपस में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाएगी।

हिमाचल प्रदेश में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर दिए है, जबकि पंजाब पुलिस से भी इस संबंध में उचित कदम उठाने को कहा गया है। प्रदेश में चुनावों के दौरान शराब के वितरण पर अंकुश लगाने के लिए गोदामों व बेसमेंटों में दबिश दी जाएगी, जिसमें चुनाव के दौरान बांटी जाने वाली शराब की बरामदी बड़े पैमाने पर की जा सकें।


## हमीरपुर में बीजेपी को झटका

**हमीरपुर :** बीजेपी समर्थित हमीरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास और वार्ड नंबर-2 से पार्षद राजकुमार ने बीजेपी को अलविदा कहकर कांग्रेस का दामन थाम लिया। गांधी चौक पर जब बीजेपी की बड़ी चुनावी रैली हो रही थी, तो दोनों ने नादौन के सेरा विश्राम गृह में कांग्रेस का दामन थामा।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने पटका पहनाकर दोनों को कांग्रेस में शामिल करवाया। नगर परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने सीएम सुक्खू के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि सीएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमीरपुर शहर के विकास को गति देंगे। सीएम ने कहा कि हमीरपुर शहर के विकास को मुख्य प्राथमिकता देंगे। शहर का स्वरूप बदलने के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ. पुष्पिंदर वर्मा, पंकज मिन्हास, विवेक कटोच, सुतीक्ष्ण वर्मा और विकास मौजूद रहे उधर, नादौन ब्लॉक के जलाड़ी-चिलियां वार्ड नंबर-8 से बीजेपी समर्थित बीडीसी सदस्य मनजीत कुमार भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियों और सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में हुए कार्यों में आस्था जताते हुए वह कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

• पूजा...

## बड़ा देव कमरूनाग



**मंडी :** देवभूमि हिमाचल में मेलों के तौर पर देवी-देवताओं के समागम को खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इसके तहत राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 का शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला के बड़ा देव कमरूनाग अपनी रोहांडा की मझोठी कोठी से विधिवत पूजन उपरांत गुरुवार को रवाना हो गए हैं। देव कमरुनाग का सूरज पखवा रोहांडा से सुंदरनगर तक विभिन्न जगहों पर भक्तों का आतिथ्य स्वीकार करेंगे। देवता लगभग 40 किलोमीटर का सफर पैदल तय कर राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के लिए पहुंचेंगे। विष्णु स्वरूप बड़ा देव कमरुनाग अपने मझोठी कोठी रोहाडा से अपने देवलुओं सहित मेला में शिरकत करने जा रहे हैं। जानकारी देते हुए कमरुनाग मंदिर कमेटी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ठाकुर ने बताया कि देव कमरूनाग सुकेत देवता मेला सुंदरनगर में शिरकत करने के लिए गुरुवार को अपनी मझोठी कोठी से रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देवता शहर पहुंचने में दो दिन का समय लगेगा और 13 अप्रैल देवता सुंदरनगर शहर में प्रवेश करेंगें।

• खाई में गिरी कार, चार की मौत...

*आनी : आनी के दूरदराज क्षेत्र आनी के चोइनाल में एक कार गहरी खाई में गिर गई, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार सुबह पेश आया है। जानकारी के अनुसार एक ऑल्टो कार राणाबाग करशाला रोड पर चोइनाल नामक स्थान पर गहरी खाई में लुढ़क गई। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के साथ खाई से शवों को निकाला गया। आनी के बिशल और खनेरी गांव में मातम छा गया है।*